/b>

Title: Need to accord sanction to the proposal of the Government of Gujarat for construction of a wall at sea-shore between Umargaon and Amalsad.

श्री मणिभाई रामजीभाई चौधरी (बलसाड़) : महोदय, यद्यपि भारत सरकार का जल संसाधन मंत्रालय बड़ी ही तीव्र गति से कार्य कर रहा है, किन्तु बहुत से ऐसे स्थान आज भी हैं जहां पर सरकार का ध्यान अभी तक नहीं गया है। ऐसा ही एक स्थान हमारे संसदीय क्षेत्र बलसाड (गुजरात) का समुद्री किनारा है। उमरगाम जिला बलसाड से अमलसाड जिला नवसारी के लगभग 110 किलोमीटर की दूरी में दरिया के बाढ़ के कारण हर वर्ा कई गांवों में पानी भर जाता है। गत दो वर्ा पूर्व किनारे के सभी गांवों में पानी भर गया था जिससे वहां के लोगों को काफी नुकसान तो हुआ ही, साथ ही खेती योग्य भूमि में खारपट लग जाने से उत्पादन में कमी आ गई है और मीठा पानी भी खारा हो गया है। परिणामस्वरूप किनारे पर बसे गांव के निवासी अन्न व पीने योग्य पानी को लेकर काफी परेशान हैं। उनकी परेशानी को देखते हुए गुजरात सरकार ने एक प्रोजेक्ट बनाकर एक सुरक्षा दीवार लगभग 110 किलोमीटर उमरगाम जिला बलसाड से अमलसाड जिला नवसारी तक बनाने के लिए केन्द्र सरकार के पास स्वीकृति हेतु भेजा है, किन्तु अभी तक उस पर कोई कार्यवाही न होने से वहां के निवासी काफी परेशान हैं क्योंकि उनकी समस्या का निदान नहीं हो रहा है।

अतः मेरा माननीय जल संसाधन मंत्री जी से विशो अनुरोध है कि एक सुरक्षा दीवार उमरगाम जिला बलसाड से अमलसाड जिला नवसारी तक उच्च वरीयता एवं प्राथमिकता के आधार पर अविलंब बनवाने की व्यवस्था करें ताकि वहां के लोगों की परेशानी समाप्त हो सके।